**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं0 2726**

**22 दिसम्बर, 2022 को उत्तर के लिए**

**आईएचएसडीपी**

**2726. श्री कृपाल बालाजी तुमाने:**

**श्रीमती भावना गवली (पाटिल):**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सरकार ने एकीकृत आवास और मलिन बस्ती विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी) के तहत किसी योजना/परियोजना को मंजूरी दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) आज की तिथि के अनुसार महाराष्ट्र राज्य सरकार को विशेष रूप से यवतमाल-वाशिम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के संबंध में उक्त कार्यक्रम के तहत योजना-वार/परियोजना-वार कितनी धनराशि आवंटित/जारी की गई है;

(घ) क्या किसी राज्य सरकार ने इस कार्यक्रम के अंतर्गत अनुमोदन के लिए कोई प्रस्ताव भेजा है;

(ड.) यदि हां, तो विशेषकर महाराष्ट्र के संबंध में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उन प्रस्तावों की स्थिति क्या है;

(च) क्या महाराष्ट्र में आईएचएसडीपी को लागू किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उक्त कार्यक्रम के तहत तमिलनाडु को जिले-वार आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है और महाराष्ट्र में इस संबंध में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री कौशल किशोर)**

(क) से (छ): जी नहीं। एकीकृत आवास और स्लम विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी) वर्ष 2005 में शुरू किया गया था और यह वर्ष 2012 में समाप्त हो गया। इसके अलावा, पहले से स्वीकृत आवासों को पूरा करने के लिए योजना को 31.3.2017 तक बढ़ा दिया गया था। इसलिए, योजना के तहत पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान निधि जारी करने के लिए कोई नया परियोजना प्रस्ताव स्वीकृत नहीं किया गया था। हालांकि, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय देश के सभी पात्र शहरी परिवारों को बुनियादी सुविधाओं के साथ मौसमानुकूल पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए 2015 से प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी को 'सभी के लिए आवास' विजन के साथ लागू कर रहा है।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर, एकीकृत आवास और स्लम विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी) के तहत 4,51,951 आवासों के निर्माण के लिए 1030 परियोजनाओं (बुनियादी ढांचा परियोजनाओं सहित) को मंजूरी दी गई थी; जिनमें से अब तक 4,14,106 आवास पूर्ण हो चुके हैं। महाराष्ट्र में, आईएचएसडीपी के तहत 77,885 आवासों के निर्माण के लिए 119 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। स्वीकृत आवासों में से कुल 70,155 आवास निर्माणाधीन हैं; जिनमें से 58,471 आवास पूर्ण/सुपुर्द कर दिए गए हैं। दिनांक 31.03.2017 तक 1,507.46 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता जारी की गई है। यवतमाल-वाशिम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आईएचएसडीपी के तहत परियोजनाओं का ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है। चूंकि योजना संचालन में नहीं है, इसलिए कोई और प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं हैं।

*****

दिनांक 22-12-2022 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2726 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

एकीकृत आवास और स्लम विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी) के तहत देश, महाराष्ट्र राज्य विशेषरुप से यवतमाल-वाशिम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अभी तक आवंटित/जारी की गई राशि तथा वास्तविक प्रगति|

| क्रम संख्या | शहर | परियोजना का नाम | स्वीकृत केंद्रीय सहायता (करोड़ रुपए में) | जारी केंद्रीय सहायता (करोड़ रुपए में) * | स्वीकृत आवास (संख्या) | निर्माणाधीन आवास (संख्या) | पूर्ण/सुपुर्द आवास (संख्या) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **सभी राज्य** | **सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 1030 परियोजनाएं** | **6,161.45** | **6,437.14** | **4,51,951** | **4,35,105** | **4,14,106** |
| 2 | **महाराष्ट्र दिसंबर 2005 से 31.03.2012** | **महाराष्ट्र के सभी जिलों के लिए 119 परियोजनाएं** | **1,164.29** | **1,507.46** | **77,885** | **70,155** | **58,471** |
| 3 | यवतमाल-वाशिम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वित्तीय वर्ष 2008-09 से 2011-12 | **यवतमाल-वाशिम के संसदीय क्षेत्र में 6 परियोजनाएं** | **36.75** | **52.73** | **2,355** | **2,095** | **1,755** |
| **यवतमाल-वाशिम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में परियोजनावार ब्यौरा** | | | | | | | |
| 1 | दरवाहा 10-12-2008 | दरवा शहर, जिला यवतमाल, महाराष्ट्र में आईएचएसडीपी परियोजना में संशोधित। | 1.53 | 3.31 | 92 | 92 | 92 |
| 2 | दिग्रास 30-05-2011 | दिग्रास, जिला यवतमाल, महाराष्ट्र में आईएचएसडीपी का संशोधित कार्यान्वयन। | 9.44 | 6.94 | 648 | 450 | 450 |
| 3 | करंजा (वाशिम) 22-10-2008 | करंजा शहर, महाराष्ट्र में आईएचएसडीपी का 768 आवास इकाइयों कार्यान्वयन | 1.09 | 6.54 | 64 | 64 | 34 |
| 4 | पांढरकवडा 10-12-2008 | पंढारकवाड़ा शहर, जिला यवतमाल, महाराष्ट्र में आईएचएसडीपी का कार्यान्वयन। | 1.02 | 4.68 | 68 | 68 | 68 |
| 5 | वाशिम 21-02-2009 | वाशिम शहर, चरण-, महाराष्ट्र के लिए आईएचएसडीपी योजना में संशोधित | 14.78 | 14.78 | 883 | 821 | 511 |
| 6 | वाशिम 13-03-2012 | वाशिम, फेज-II, महाराष्ट्र में 699 आवास इकाइयों का निर्माण | रद्द परियोजना | 7.17 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 10 | यवतमाल 10-12-2008 | यवतमाल, जिला अमरावती के 4 स्लम क्षेत्रों में 972 आवास इकाइयों के निर्माण के लिए आईएचएसडीपी योजना में संशोधित। | 8.89 | 9.31 | 600 | 600 | 600 |

* नॉन-स्टार्टर परियोजनाओं/आवासों में जारी अतिरिक्त केंद्रीय सहायता (एसीए) शामिल है।